# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय
ग्राम-भन्सरिया, पो०-उदयपुर, लखीमपुर-खीरी (उ०प्र०) 262701

पत्रांक 2122 / m-48 / 79DA दिनांक 22/06/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 21.06.2026 को प्रकाशित खबर "भेटिया गांव में दो साल से बंद पानी भाजपा नेता ने सी०डी०ओ० से बात कर सप्लाई का आश्वासन दिलाया" के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 21.06.2026 को प्रकाशित खबर विकास खण्ड–बांकेगंज "भेटिया गांव में दो साल से बंद पानी भाजपा नेता ने सी०डी०ओ० से बात कर सप्लाई का आश्वासन दिलाया" के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद लखीमपुर के कुल 1692 राजस्व ग्रामों में से 139 राजस्व ग्राम पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं से आच्छादित हैं। शेष 1553 राजस्व ग्रामों को पेयजल आपूर्ति जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत मेसर्स एन0सी0सी0 एवं वी0टी0एल0 को सूचीबद्ध किया गया है। 904 नग पाइप पेयजल योजनाओं द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 1553 नग राजस्व ग्रामों को संतृप्त किया जाना लक्षित है। नलकूप–942 नग, पम्प हाउस –942 नग, वितरण प्रणाली 11534 किमी0, शिरोपरि जलाशय–922 नग, गृह जल संयोजन–564407 नग प्रस्तावित है प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष नलकूप–939 नग, पम्पहाउस–869 नग, वितरण प्रणाली 14468 किमी0, शिरोपरि जलाशय–484 नग, गृह जल संयोजन–535515 नग, कार्य पूर्ण है। जनपद में 1097 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

समाचार पत्र की खबर विकास खण्ड–बांकेगंज की ग्राम पंचायत भेटिया पाइप पेयजल योजना में पेयजल आपूर्ति बाधित की खबर प्रकाशित हुई। भेटिया पाइप पेयजल योजना का कार्य एजेंसी मैसर्स एन0सी0सी0 लि0 लखीमपुर खीरी द्वारा कराया जा रहा है जिसके सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर अभिषेक कुमार द्वारा उक्त खबर का संज्ञान लेते हुए ग्राम पंचायत का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया कि भेटिया योजना निर्माणाधीन है, उक्त योजना में 13,400 मी० पाइप लाइन प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष से 13,200 मी० पाइप लाइन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है 910 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 616 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। पम्प हाउस का कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण है तथा बाउड्रीवॉल का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण है। रोड–रेस्टोरेशन 85 प्रतिशत पूर्ण है व शिरोपरि जलाशय (300 कि०ली०/16 मी०) टॉप डोम तक कार्य पूर्ण है तथा डी०आई० पाइप फिक्सिंग, पेंटिंग एवं टेस्टिंग का कार्य शेष है उक्त योजना के अवशेष समस्त कार्यों को दिसम्बर 2026 तक पूर्ण कर लिया जायेगा साथ ही यह भी सादर अवगत कराना है कि फर्म को योजना में सोलर वायर लगाते हुए डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से 15 दिवस में जलापूर्ति उपलब्ध कराने के कड़े निर्देश दिये गये है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

(फोटोग्राफ्स)







भवदीय

(मनोज कुमार मौर्य)
अधिशासी अभियन्ता

पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता